83. FRESH, प्रभावी स्कूल स्वास्थ्य संसाधनों पर ध्यान केंद्रित करने के लिये एक संक्षिप्त शब्द, निम्नलिखित में से किस संगठन की एक सहयोगी पहल है?

1. यूनिसेफ
2. विश्व स्वास्थ्य संगठन
3. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
4. यूनेस्को
5. विश्व बैंक
6. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. 1, 2, 4 और 5

B. 3, 4, 5 और 6

C. 1, 2, 4 और 6

D. 1, 2, 3, 4, 5 और 6

84. भारत-वियतनाम संबंध के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रक्षा सहयोग, वर्ष 2016 में दोनों देशों द्वारा शुरू की गई 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' के सबसे महत्त्वपूर्ण स्तंभों में से एक रहा है,
2. पिछले कुछ वर्षों में व्यापार और आर्थिक संबंधों में काफी सुधार हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

85. निम्नलिखित में से कौन मेंडल के वंशानुक्रम के नियम का हिस्सा नहीं है/हैं?

1. प्रभाविता का नियम
2. पृथक्करण का नियम
3. एंडोथर्म का नियम
4. सुजननिकी का नियम

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2, 3 और 4
C. केवल 3
D. 1, 2, 3 और 4

86. विशेष आहरण अधिकार निम्नलिखित में से किस संस्था से संबंधित है?

A. पुनर्निर्माण और विकास के लिये यूरोपीय बैंक
B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
C. विश्व बैंक
D. अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम।

87. भारत में उच्च न्यायालय के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तय की जाती है।
2. उच्च न्यायालय का रिट क्षेत्राधिकार सर्वोच्च न्यायालय की तुलना में व्यापक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

88. भारत में राष्ट्रपति चुनाव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत के राष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल प्रणाली के माध्यम से किया जाता है।
2. राष्ट्रपति चुनाव भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित किये जाते हैं।
3. निर्वाचक मंडल संसद के उच्च और निम्न सदनों (राज्य सभा और लोकसभा) के सभी निर्वाचित सदस्यों और राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों की विधानसभाओं (विधायकों) के निर्वाचित सदस्यों से बना होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. उपर्युक्त सभी

89. पेगासस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पेगासस एक प्रकार का दुर्भावनापूर्ण सॉफ्टवेयर या मैलवेयर है जिसे स्पाइवेयर के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
2. यह उपयोगकर्त्ताओं के जानकारी के बिना उपकरणों तक पहुँच प्राप्त करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।।
3. इसे इज़रायली फर्म NSO ग्रुप द्वारा विकसित किया गया है जिसे वर्ष 2010 में स्थापित किया गया था।

**नोट :**

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

90. CERT-IN के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का एक संगठन है।
2. यह उन सभी साइबर सुरक्षा खतरों के बारे में डेटाबेस रखती है जिनका उपयोग ज़रूरत पड़ने पर किया जा सकता है। हालाँकि यह वास्तव में भारतीय साइबरस्पेस को सुरक्षित करने के लिये ज़िम्मेदार नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

91. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह 190 सदस्य देशों का संगठन है। भारत IMF का संस्थापक सदस्य है।
2. वास्तविक या संभावित भुगतान संतुलन समस्याओं का सामना करने वाले सदस्य देशों को ऋण और रियायती वित्तीय सहायता प्रदान करना IMF की मुख्य ज़िम्मेदारी है।
3. विश्व आर्थिक आउटलुक प्रतिवर्ष IMF द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

92. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. MSP वह दर है जिस पर सरकार किसानों से फसल खरीदती है।
2. यह किसानों की उत्पादन लागत के कम-से-कम डेढ़ गुना अधिक होती है।
3. शांता कुमार समिति ने वर्ष 2015 में अपनी रिपोर्ट में बताया था कि किसानों को MSP का मात्र 6% ही प्राप्त हो सका।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

93. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत सरकार से 100% वित्त पोषण के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
2. इसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है।
3. इस योजना के तहत राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा PM-KISAN मोबाइल एप विकसित और डिज़ाइन किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

94. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण को सबसे अच्छी तरह परिभाषित करता है?

A. अर्द्ध-न्यायिक निकाय

B. संवैधानिक निकाय

C. गैर-संवैधानिक निकाय

D. इनमे से कोई भी नहीं

95. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह खुदरा खरीदार के परिप्रेक्ष्य से वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में अंतर की गणना करता है।
2. CPI (ग्रामीण/शहरी/संयुक्त) श्रम और रोज़गार मंत्रालय के अधीन श्रम ब्यूरो द्वारा संकलित किया जाता है।
3. यह राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जारी किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

96. वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (REER) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अन्य प्रमुख मुद्राओं के सूचकांक या टोकरी के संबंध में किसी देश की मुद्रा का भारित औसत है।
2. यह किसी राष्ट्र की अपने व्यापार भागीदारों की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा का संकेतक है।
3. यह विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं में घरेलू मुद्रास्फीति को ध्यान में नहीं रखता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

97. हाल ही में एक अलग धार्मिक संहिता की मांग को लेकर चर्चा में रही सरना जनजाति निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है?

A. पश्चिम बंगाल

B. ओडिशा

C. झारखंड

D. गुजरात

98. 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर' अभियान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत के पूरे समुद्र तट पर एक स्वच्छता अभियान है।
2. यह अन्य स्वैच्छिक संगठनों के साथ अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस मनाने की एक पहल है।
3. अभियान के बारे में जागरूकता फैलाने और समुद्र तट की सफाई गतिविधि के लिये स्वैच्छिक पंजीकरण के लिये एक मोबाइल ऐप "इको मित्रम" लॉन्च किया गया है।

**नोट :**

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

100. संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन 2022 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दुनिया के महासागर पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण और भरण-पोषण की दिशा में वैश्विक सहयोग सुनिश्चित करने के लिये आयोजित किया गया था।
2. सम्मेलन की सह-मेज़बानी केन्या और पुर्तगाल की सरकारों द्वारा की गई थी।
3. सम्मेलन को सतत् विकास लक्ष्य (SDG) 6 'स्वच्छ जल और स्वच्छता' से जोड़ा गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 उर 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

101. भारतीय संविधान में अनुसूचित जनजातियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'अनुसूचित जनजाति' शब्द संविधान में अनुच्छेद 342 (i) के माध्यम से जोड़ा गया था।
2. संविधान की छठी अनुसूची अनुसूचित क्षेत्रों वाले प्रत्येक राज्य में एक जनजाति सलाहकार परिषद की स्थापना का प्रावधान करती है।
3. अनुच्छेद 332 राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जनजातियों के लिये सीटों के आरक्षण का प्रावधान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

102. राज्यसभा की शक्तियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केंद्र और राज्यों दोनों के लिये नई अखिल भारतीय सेवाओं को बनाने हेतु संसद को अधिकृत कर सकता है (अनुच्छेद 312)।
2. यदि लोकसभा भंग हो जाती है तो यह अनुच्छेद 352, 356 और 360 के तहत उद्घोषणाओं को मंज़ूरी दे सकती है।
3. राज्यसभा में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

103. भारत में राज्यों की परिषद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उपराष्ट्रपति को हटाने का प्रस्ताव केवल राज्यों की परिषद में ही पेश किया जा सकता है।
2. एक व्यक्ति उस राज्य में राज्य परिषद का चुनाव नहीं लड़ सकता जहाँ न तो वह रहता है और न ही वहाँ उसका अधिवास है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

104. राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है।
2. इसका गठन जस्टिस वर्मा समिति की सिफारिशों पर किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

105. विश्व व्यापार संगठन के 12वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (MC12) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) द्वारा मानवीय उद्देश्यों के लिये खरीदे गए भोजन को किसी भी निर्यात प्रतिबंध से छूट देने पर सहमति व्यक्त की गई थी।
2. अगले चार वर्षों के लिये अवैध, गैर-सूचित और अनियमित तरीके (IUU) से मछली पकड़ने के मामले में सब्सिडी पर रोक लगाएगा।
3. WTO के सदस्यों ने 5 साल के लिये पेटेंट धारक की सहमति के बिना कोविड-19 टीकों पर बौद्धिक संपदा पेटेंट को अस्थायी रूप से माफ करने पर सहमति व्यक्त की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

106. पोलावरम सिंचाई परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह आंध्र प्रदेश में कृष्णा नदी पर स्थित है।
2. यह अपनी दाईं ओर स्थित नहर से गोदावरी नदी बेसिन में अंतर-बेसिन हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करेगा।
3. परियोजना को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के तहत केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

107. मिशन पोषण 2.0 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक एकीकृत पोषण सहायता कार्यक्रम है।
2. पोषण 2.0 के तहत, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा "पोषण ट्रैकर" की शुरूआत की गई है।
3. पोषण ट्रैकर, पोषण वितरण सहायता प्रणालियों में पारदर्शिता लाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. उपर्युक्त सभी

108. मनरेगा श्रमिकों के लिये राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी सॉफ्टवेयर (NMMS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (मनरेगा) के कार्यकर्त्ताओं की कार्यस्थलों पर उपस्थिति दर्ज करने के लिये एक ऐप है।
2. ऐप एक दिन में श्रमिकों के दो टाइमस्टैम्प्ड और जियोटैग्ड फोटो रिकॉर्ड करेगा।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

109. भारत के उपराष्ट्रपति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उपराष्ट्रपति राज्यसभा के उपसभापति को अपना त्यागपत्र देकर अपना पद त्याग सकता है।
2. उपराष्ट्रपति के निर्वाचन मंडल में केवल लोकसभा और राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

110. संसद को एक अखिल भारतीय सेवा बनाने का अधिकार प्राप्त है यदि राज्य सभा एक आवश्यक प्रस्ताव पारित करती है, यह संविधान के किस अनुच्छेद के तहत आता है ?

A. अनुच्छेद 311

B. अनुच्छेद 312

C. अनुच्छेद 313

D. अनुच्छेद 314

111. अंतर्राष्ट्रीय चिंता संबंधी सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल' (PHEIC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा एक असाधारण घटना की औपचारिक घोषणा है; जिसमें किसी बीमारी के प्रसार से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अन्य देशों के लिये एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी जोखिम उत्पन्न होने की आशंका व्यक्त की गई हो तथा ऐसी स्थिति के लिये तत्काल अंतर्राष्ट्रीय कार्यवाही की आवश्यकता को रेखांकित किया गया हो।
2. वर्ष 2005 के अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम (IHR) के तहत, राज्यों का विधिक कर्तव्य है कि वे PHEIC की घोषणा होने पर त्वरित कदम उठाएँ।
3. मंकीपॉक्स को हाल ही में PHEIC घोषित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. उपरोक्त सभी

112. मंकीपॉक्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वायरस मध्य और पश्चिम अफ्रीका के कुछ हिस्सों में स्थानिक है।
2. यह अब गैर-स्थानिक देशों में भी फैल गया है।
3. यह यौन संपर्क के माध्यम से प्रेषित नहीं होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**नोट :**

113. ब्लू पैसिफिक (PBP) पहल में भागीदारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे अमेरिका और उसके सहयोगियों- ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, जापान और यूनाइटेड किंगडम द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. PBP प्रशांत द्वीपों का समर्थन करने और क्षेत्र में राजनयिक, आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिये एक अनौपचारिक तंत्र है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

114. जमानतमेंम पर भारतीय कानून के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC) भारतीय दंड संहिता के तहत अपराधों को 'जमानती' और 'गैर-जमानती' के रूप में वर्गीकृत करती है।
2. सीआरपीसी, 1973 की धारा 437 में कहा गया है कि आईपीसी के तहत जमानती अपराध के आरोपी व्यक्ति को जमानत दी जा सकती है।
3. सीआरपीसी, 1973 की धारा 436 में कहा गया है कि गैर-जमानती अपराधों में आरोपी को जमानत का अधिकार नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

115. विश्व जनसंख्या संभावना 2022 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राष्ट्र का जनसंख्या प्रभाग 1951 से प्रतिवर्ष WPP प्रकाशित कर रहा है।
2. वर्ष 2023 तक भारत दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश के रूप में चीन से आगे निकल सकता है
3. भारत ने प्रतिस्थापन प्रजनन दर प्राप्त कर ली है, जिस पर एक आबादी अपने आपको एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में बदल देती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

116. आशा कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. भारत ने राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के हिस्से के रूप में वर्ष 2005-06 में आशा कार्यक्रम शुरू किया।
2. आशा 25-45 वर्ष के आयु वर्ग की सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता हैं, जो ग्रामीण आबादी के वंचित वर्गों के लिये संपर्क के पहले बिंदु के रूप में कार्य करती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

117. अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह शतरंज के खेल का शासी निकाय है और यह सभी अंतर्राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिताओं को नियंत्रित करता है।
2. FIDE अंतर-सरकारी संगठन है।
3. इसे अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा वर्ष1999 में वैश्विक खेल संगठन के रूप में मान्यता दी गई थी।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

118. I2U2 पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत, इज़रायल, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात का एक नया समूह है।
2. समूह के नाम में, 'I2' का अर्थ भारत और इज़राइल है, जबकि 'U2' का अर्थ संयुक्त राज्य अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात है।
3. इसे 'आर्थिक सहयोग के लिये अंतर्राष्ट्रीय मंच' भी कहा जाता था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

119. 48वें G7 शिखर सम्मेलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत ने G7 राष्ट्रों को देश में उभर रही स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के विशाल बाज़ार में प्रवेश करने के लिये आमंत्रित किया।
2. पार्टनरशिप फॉर ग्लोबल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट (PGII) के तहत, G7 ने वर्ष 2027 तक सामूहिक रूप से 600 बिलियन डॉलर जुटाने की घोषणा की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

120. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के तहत एक स्वायत्त एजेंसी है।
2. केंद्र भारत में अंतरिक्ष गतिविधियों के एक सूत्रधार और नियामक के रूप में कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

121. दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संगठन(आसियान) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. यह क्षेत्रीय समूह है जिसे अगस्त, 1967 में आसियान घोषणा (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर के साथ स्थापित किया गया था।
2. यह 10 दक्षिण पूर्व एशियाई राज्यों - ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्याँमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम को एक साथ एक संगठन में लाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और 2

122. एक्वायर्ड इम्यूनो-डेफिशिएंसी सिंड्रोम (एड्स) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एड्स, ह्यूमन इम्यूनो डेफिशियेंसी वायरस (HIV) के कारण होने वाले लक्षणों या सिंड्रोम का एक समूह है।
2. HIV से संक्रमित व्यक्ति को निश्चित रूप से एड्स की बीमारी हो जाती है।
3. HIV शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली में CD4, एक प्रकार की श्वेत रक्त कोशिका (T कोशिकाओं) पर आक्रमण करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. उपरोक्त सभी

123. एचआईवी-एड्स के लिये एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी (एआरटी) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एचआईवी-एड्स से पीड़ित लोगों के लिये एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी (एआरटी) ही एकमात्र विकल्प है।
2. एक मानक एआरटी में एचआईवी वायरस को दबाने और रोग की प्रगति को रोकने के लिये कम से कम तीन एंटीरेट्रोवाइरल दवाओं का संयोजन होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. दोनों 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

124. राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (CGF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह राष्ट्रमंडल खेलों और राष्ट्रमंडल युवा खेलों की दिशा और नियंत्रण के लिये ज़िम्मेदार संगठन है।
2. इसका मुख्यालय ब्रिटेन (UK) में है, जो 72 सदस्य देशों और क्षेत्रों में काम कर रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

125. भारत में शराब निषेध कानून के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत, अनुच्छेद 47 में कहा गया है कि राज्य मादक पेय और स्वास्थ्य के लिये हानिकारक दवाओं के औषधीय प्रयोजनों को छोड़कर उपभोग पर प्रतिबंध लगाने हेतु नियम बनाएगा।
2. शराब भारतीय संविधान की छठी अनुसूची के तहत राज्य सूची में एक विषय है।
3. भारत में शराबबंदी बिहार, गुजरात, मिजोरम, नागालैंड और केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में लागू है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

126. विश्व असमानता रिपोर्ट, 2022 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्तमान भारत में तुलनात्मक रूप से सबसे ज़्यादा असामनता व्याप्त है।
2. वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब ने यह रिपोर्ट जारी की है।
3. इसका उद्देश्य वैश्विक असमानता की गतिशीलता पर अनुसंधान को बढ़ावा देना है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. उपरोक्त सभी

127. ओपेक (OPEC) प्लस देशों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गैर-ओपेक देश जो कच्चे तेल का निर्यात करते हैं उन्हें ओपेक प्लस देश कहा जाता है।
2. ओपेक प्लस देशों में अज़रबैजान, बहरीन, ब्रुनेई, कज़ाकिस्तान, मलेशिया, मैक्सिको, ओमान, रूस, गैबॉन, दक्षिण सूडान और सूडान शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

128. राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत की केंद्रीय आतंकवाद विरोधी कानून प्रवर्तन एजेंसी है।
2. यह एक गैर-सांविधिक निकाय है।
3. इसे गृह मंत्रालय की लिखित उद्घोषणा के तहत राज्यों की विशेष अनुमति के बिना राज्यों में आतंकवाद से संबंधित अपराधों की जाँच करने का अधिकार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

129. हेपेटाइटिस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हेपेटाइटिस किसी भी कारण से यकृत कोशिकाओं में होने वाली किसी भी प्रकार की जलन या सूजन को संदर्भित करता है।
2. आमतौर पर यह A, B, C, D और E सहित "हेपेटोट्रोपिक" (यकृत निर्देशित) वायरस के एक समूह के कारण होता है।
3. पहली बार, WHO द्वारा वायरल हेपेटाइटिस, एचआईवी और यौन संचारित संक्रमण (STI) के निदान हेतु वर्ष 2022-2026 के लिये एकीकृत क्षेत्रीय कार्ययोजना विकसित की जा रही है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. उपरोक्त सभी

130. एशियाई शेर संरक्षण परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्र ने 2020 में प्रोजेक्ट टाइगर की तर्ज पर शेर संरक्षण कार्यक्रम शुरू किया।
2. इस परियोजना ने गुजरात के गिर राष्ट्रीय उद्यान में अपने वर्तमान आवास से पर्याप्त संख्या में एशियाई शेरों को स्थानांतरित करने के लिये छह स्थलों की पहचान की - मध्य प्रदेश में दो, राजस्थान में तीन और गुजरात में एक।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और 2

131. 'प्रवर्तन निदेशालय' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रवर्तन निदेशालय बहु-अनुशासनात्मक संगठन है जो मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन की जाँच के लिये अनिवार्य है।
2. यह धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (PMLA), विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (FEMA) और भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 (FEOA) को लागू करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

132. वैश्विक बाघ दिवस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस लुप्तप्राय बड़ी बिल्ली के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये प्रतिवर्ष 29 जुलाई को वैश्विक बाघ दिवस मनाया जाता है।
2. यह दिवस वर्ष 2010 में स्थापित किया गया था, जब 13 टाइगर रेंज देशों ने एक साथ Tx2 बनाने के लिये वर्ष 2022 तक जंगली बाघों की संख्या को दोगुना करने का वैश्विक लक्ष्य बनाया था।
3. ग्लोबल कंज़र्वेशन एश्योर्ड | टाइगर स्टैंडर्ड्स (CA|TS) Tx2 का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

133. 'पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक (EPI)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पर्यावरणीय स्वास्थ्य और देशों की स्थिरता को मापने के लिये 2022 में शुरू किया गया एक वार्षिक सूचकांक है।
2. EPI टीम पर्यावरणीय डेटा को ऐसे संकेतकों में बदल देती है जो देशों को 0–100 के पैमाने पर सबसे खराब से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को दर्शातें हैं।
3. EPI, 2022 के अनुसार भारत 180 देशों में सबसे नीचे स्थान पर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

134. गांधी स्मृति और दर्शन समिति (GSDS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह स्वायत्त निकाय है जिसका गठन सितंबर, 1984 में राजघाट में गांधी दर्शन और गांधी स्मृति के विलय से हुआ था।
2. समिति का मूल लक्ष्य और उद्देश्य विभिन्न सामाजिक-शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से महात्मा गांधी के जीवन, मिशन और विचारों का प्रचार करना है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

135. . धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक आपराधिक कानून है जिसे धन शोधन/मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने के लिये और मनी लॉन्ड्रिंग तथा संबंधित मामलों से प्राप्त या इसमें शामिल संपत्ति की जब्ती के संबंध में प्रावधान करने हेतु अधिनियमित किया गया है।
2. प्रत्येक मामले में संबंधित व्यक्ति को ECIR (एनफोर्समेंट केस इंफॉर्मेशन रिपोर्ट) उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
3. एक व्यक्ति पर काल्पनिक आधार पर या इस धारणा पर मुकदमा चलाया जा सकता है कि कोई अनुसूचित अपराध क्षेत्राधिकार पुलिस के साथ पंजीकृत हुए बिना किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

136. गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गुजरात के गांधीनगर में गिफ्ट सिटी एक उभरता हुआ वैश्विक वित्तीय केंद्र और भारत का पहला परिचालन स्मार्ट शहर है।
2. इसमें एक बहु-सेवा विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) शामिल है, जिसमें भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (IFSC) और एक विशेष घरेलू टैरिफ क्षेत्र (DTA भी) है।

कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

137. अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अप्रैल 2020 में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण अधिनियम, 2019 के तहत स्थापित किया गया था।
2. IFSCA का उद्देश्य भारतीय कंपनियों को वैश्विक वित्तीय बाज़ारों तक आसान पहुँच प्रदान करना और भारत में वित्तीय बाज़ारों के आगे के विकास को पूरक और बढ़ावा देना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

138. मंकीपॉक्स वायरस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वायरस शरीर के तरल पदार्थ के साथ निकट संपर्क से मनुष्यों में प्रेषित किया जा सकता है।
2. यौन मार्ग के माध्यम से वायरस संचरण की संभावना काफी अधिक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

139. SARS-CoV-2 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अन्य आरएनए वायरस की तुलना में कोरोनावायरस में उत्परिवर्तन की दर अधिक होती है।
2. SARS-CoV-2 वायरस में अधिक सटीक उत्परिवर्तन होते हैं या अन्य एकल-कुंडलित RNA वायरस की तुलना में अधिक अनुकूलता होती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

140. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. खराब वायु गुणवत्ता और पार्टिकुलेट मैटर (PM) 2.5 के उच्च उत्सर्जन से अधिक कोविड -19 संक्रमण और संबंधित मौतें हो सकती हैं।
2. खराब वायु गुणवत्ता के साथ मिलकर कोविड -19 फेफड़ों को तेजी से नुकसान पहुँचा सकता है और स्वास्थ्य की स्थिति खराब कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

141. मिग-21 विमान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे 'फ्लाइंग कॉफिन' भी कहा जाता है।
2. मिग-21 बाइसन मिग-21 बीआईएस का उन्नत संस्करण है।
3. विमान के पुराने संस्करण मिग-21 एफएल को भारतीय वायुसेना ने वर्ष 2013 में चरणबद्ध तरीके से हटा दिया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

142. निम्नलिखित में से कौन विदेशी मुद्रा अनिवासी खातों को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है ?

A. सावधि जमा खाते

B. बचत खाते

C. अप्रत्यावर्तनीय

D. इनमें से कोई नहीं

नोट :

143. नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के छह गैर-दस्तावेज गैर-मुस्लिम समुदायों को धर्म के आधार पर नागरिकता प्रदान करता है।
2. यह हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों को विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट अधिनियम, 1920 के तहत किसी भी आपराधिक मामले से छूट देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

## उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. A | 2. D | 3. A | 4. C | 5. B |
| 6. B | 7. A | 8. D | 9. B | 10. A |
| 11. C | 12. B | 13. B | 14. D | 15. D |
| 16. D | 17. B | 18. C | 19. B | 20. A |
| 21. D | 22. C | 23. A | 24. C | 25. C |
| 26. B | 27. A | 28. C | 29. C | 30. D |
| 31. A | 32. B | 33. A | 34. D | 35. A |
| 36. A | 37. C | 38. C | 39. D | 40. C |
| 41. C | 42. D | 43. A | 44. B | 45. A |
| 46. D | 47. A | 48. A | 49. C | 50. C |
| 51. D | 52. D | 53. B | 54. C | 55. C |
| 56. D | 57. D | 58. C | 59. D | 60. C |
| 61. A | 62. D | 63. D | 64. D | 65. B |
| 66. C | 67. A | 68. B | 69. D | 70. B |
| 71. C | 72. D | 73. C | 74. C | 75. B |
| 76. A | 77. C | 78. B | 79. D | 80. C |
| 81. B | 82. D | 83. A | 84. C | 85. A |
| 86. B | 87. B | 88. D | 89. D | 90. A |
| 91. A | 92. D | 93. D | 94. A | 95. B |
| 96. A | 97. C | 98. D | 100. C | 101. C |
| 102. A | 103. A | 104. A | 105. D | 106. C |
| 107. D | 108. C | 109. D | 110. B | 111. D |

नोट :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 112. C | 113. D | 114. A | 115. C | 116. C |
| 117. B | 118. D | 119. C | 120. D | 121. C |
| 122. B | 123. C | 124. C | 125. B | 126. D |
| 127. A | 128. C | 129. D | 130. C | 131. C |
| 132. D | 133. B | 134. C | 135. A | 136. D |
| 137. C | 138. C | 139. B | 140. D | 141. D |
| 142. A | 143. C | | | |

दृष्टि The Vision

नोट :